# बीएड. (विशेष शिक्षा) प्रवेश सम्बंधी काउंसिलिंग हेतु अभ्यर्थियों के लिये आवश्यक निर्देश

बी.एड. (विशेष शिक्षा) प्रवेश परीक्षा- 2025 के उपरांत सफल अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रो की जांच के लिये प्रथम चरण की काउंसिलिंग दिनांक 29-30 सितंबर, 2025 को व द्वितीय चरण की काउंसिलिंग 06-08 अक्टूबर, 2025 को मुख्य परिसर हल्द्वानी तीन पानी बाईपास, विश्वविद्यालय मार्ग, हल्द्वानी में होनी है। व एमएड (विशेष शिक्षा) पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु प्रस्तावित काउंसिलिंग में दिनांक 09 अक्टूबर, 2025 को मुख्य परिसर हल्द्वानी तीन पानी बाईपास, विश्वविद्यालय मार्ग, हल्द्वानी में आयोजित की जानी है।

1. मेरिट में आए सभी अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश परीक्षा आवेदन व प्रवेश पत्र, हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, परास्नातक कक्षाओं की मूल प्रति एवं दो स्व प्रमाणित छाया प्रति व अपनी दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ में लानी होंगी। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी अपना मूल प्रमाण पत्र व छाया प्रति शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ अवश्य लायें।
2. काउंसलिंग में समस्त अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर प्रातः 10.00 बजे उपस्थित होना आवश्यक है। 10 रु का अपने नाम का स्टांप पेपर भी साथ में अवश्य लायें।
3. मेरिट में आए समस्त अभ्यर्थियों को काउंसलिंग शुल्क (सामान्य व ओबीसी वर्ग हेतु रु 500/ और अनुसूचित जाति व जनजाति हेतु रु 100/) ऑन लाईन माध्यम से जमा करना होगा।
4. काउंसलिंग के उपरांत प्रवेश सुनिश्चित होने की दशा में अभ्यर्थी अपना प्रवेश आवेदन फॉर्म तथा प्रथम सेमेस्टर का पाठ्यक्रम शुल्क ऑन लाईन माध्यम से विश्वविद्यालय में जमा कर सकेंगे।
5. मेरिट में आए समस्त अभ्यर्थियों को उल्लेखित निश्चित तिथि एवं दिवस पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। काउंसलिंग हेतु उल्लेखित निश्चित तिथि एवं दिवस पर अनुपस्थित होने की दशा में उनका प्रवेश निरस्त माना जायेगा।
6. प्रवेश हेतु मेरिट में आए समस्त अभ्यर्थियों को अपनी DEB ID व ABC ID निम्नलिखित लिंक के माध्यम से बना के लानी है-

https://deb.ugc.ac.in/StudentDEBId
https://www.abc.gov.in/assets/resources/Step_by_Step_Guide_ABCID_Students.pdf

25/09/25

निदेशक
शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा

समन्वयक
बीएड (विशेष शिक्षा)